6. एक पिता की आयु (वर्षों में) और उसकी पुत्री की आयु के तीन गुने का योगफल 59 है। यदि पिता की वर्तमान आयु x वर्ष है और उसकी पुत्री की आयु y वर्ष है, तो दी गई सूचना को जिस समीकरण से निरूपित करेंगे, वह समीकरण है :

(A) $3x + y = 59$  (B) $x + y = 59$
(C) $x + 3y = 59$  (D) $x + y = 56$

7. समांतर श्रेढ़ी $\sqrt{2}, \sqrt{8}, \sqrt{18}, \ldots$ का 10वाँ पद है :

(A) $\sqrt{162}$  (B) $\sqrt{200}$
(C) $\sqrt{54}$  (D) $\sqrt{94}$


8. $\tan 60° - \cot 60°$ का मान बराबर है :

(A) $\sec 30°$ के  (B) $\operatorname{cosec} 30°$ के
(C) $\cos 30°$ के  (D) $\sin 60°$ के

9. A का एक संभावित मान, जिसके लिए $\cos 2A = \cos A$ है, है :


(A) 0°  (B) 30°
(C) 45°  (D) 90°

10. एक समय पर, एक छड़ी की छाया की लंबाई, छड़ी की लंबाई का $\sqrt{3}$ गुना है, जैसा नीचे चित्र में दर्शाया गया है। उस समय पर सूर्य का उन्नतांश है :




(A) 30°  (B) 45°
(C) 60°  (D) 90°

11. त्रिज्या 'r' के एक ठोस अर्धगोले के अंतर्गत बड़े-से-बड़ा लम्ब-वृत्तीय शंकु खोदकर निकाला जाता है, जैसा नीचे चित्र में दर्शाया गया है। शंकु की तिर्यक ऊँचाई है :




(A) r  (B) 2r
(C) $\sqrt{2}\,r$  (D) $\sqrt{3}\,r$

